**भारत सरकार**
**पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय**

**लोक सभा**

अतारांकित प्रश्न सं. **1141** जिसका उत्तर
**शुक्रवार, 5 दिसंबर, 2025/14 अग्रहायण, 1947 (शक)** को दिया जाना है

**क्रूज़ भारत मिशन**

**†1141. श्री बिप्लब कुमार देब :**

क्या **पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्रूज़ यात्री यातायात को बढ़ावा देने में क्रूज़ भारत मिशन की प्रभावशीलता क्या है;
(ख) एकीकृत राष्ट्रीय योजना के अंतर्गत समुद्री, नदी और द्वीप क्रूज़ सर्किटों को एकीकृत करने के लिए क्या रणनीतियाँ अपनाई जा रही हैं; और
(ग) सरकार की तटीय राज्यों के रोज़गार और अर्थव्यवस्था पर क्रूज़ भारत मिशन के दीर्घकालिक प्रभाव का पता लगाने की क्या योजना है?

**उत्तर**
**पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री**
**(श्री सर्बानंद सोणोवाल)**

**(क):** क्रूज़ भारत मिशन (सीबीएम) 30 सितंबर, 2024 को शुरू किया गया था, जिसका उद्देश्य क्रूज़ क्षेत्र को नियंत्रित करने वाले नीतिगत, नियामक और अन्य पहलुओं के साथ-साथ हस्तक्षेप तैयार करने के लिए अंतर-मंत्रालयी दृष्टिकोण का एक ढांचा प्रदान करना और सभी नियामक एजेंसियों जैसे कि सीमा-शुल्क, आप्रवासन, सीआईएसएफ, राज्य पर्यटन विभागों, राज्य समुद्री एजेंसियां, जिला प्रशासनों और स्थानीय पुलिस की उत्तरदायी पूर्ण भागीदारी को सक्षम करना है। सीबीएम ने क्रूज़ पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न एजेंसियों के साथ प्रभावी रूप से समन्वयन किया है। कुछ परिणाम इस प्रकार हैं:

(i) महासागरीय क्रूज में यात्रियों की संख्या वित्त वर्ष 2024-25 में 4.92 लाख यात्रियों के साथ 272 कॉल रिकॉर्ड की गई है, जबकि वित्त वर्ष 2023-24 में 4.71 लाख यात्रियों के साथ 253 कॉल थी।
(ii) नदी क्रूज सर्किट में वित्त वर्ष 2024-25 में 4.33 लाख यात्री रिकॉर्ड किए गए।
(iii) पुदुचेरी पत्तन को क्रूज सेवाओं के लिए चालू किया गया, जिसका उद्घाटन 4 जुलाई 2025 को एम्प्रेस ऑफ कॉर्डेलिया क्रूजेस को रवाना करके किया गया। विशाखापट्टणम-पुदुचेरी-चेन्नै-श्रीलंका को जोड़ने वाले नए सर्किट चालू किए गए हैं।
(iv) पर्यटन मंत्रालय द्वारा 19 जून 2025 को भारतीय पत्तनों पर क्रूज जलयानों के लिए मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) – 3 जारी की गई है।

**(ख):** क्रूज के सभी क्षेत्रों अर्थात् समुद्र, नदी और द्वीप का विकास किया गया है;

(i) 9 राज्यों में 13 राष्ट्रीय जलमार्गों पर पंद्रह (15) नदी क्रूज सर्किट चालू हैं।

(ii) छह महापत्तनों (मुंबई, मुरगांव, कोच्चि, नव मंगलूर, चेन्नै, और विशाखापट्टणम), सहित पुदुचेरी तथा अंडमान और निकोबार, और लक्षद्वीप द्वीप समूह; 9 क्रूज गंतव्य चालू हैं।

(iii) एमओटी ने सूचित किया है कि क्रूज गंतव्यों पर क्रूज यात्रियों के लिए स्थानीय संस्कृति और हस्तशिल्प को प्रदर्शित किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त, आगंतुक क्रूज यात्रियों को स्थानीय पर्यटन गाइड प्रदान किए जा रहे हैं।

(iv) सभी 9 क्रूज गंतव्यों और गुजरात समुद्री बोर्ड पर गंतव्य कार्यबलों का गठन किया गया है ताकि निर्बाध क्रूज अनुभव प्रदान करने के लिए हितधारकों के बीच समन्वय को सुविधाजनक बनाया जा सके।

**(ग)**: सीबीएम के एक प्रमुख प्रदर्शन संकेतक के अनुसार, इसका लक्ष्य 2029 तक 0.4 मिलियन रोजगार उत्पन्न करना है।

*****